प्रेस विज्ञप्ति

चंडीगढ़, 13 मई, 2017 : अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी, श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला ने रोहतक दुष्कर्म की कड़ी भर्त्सना करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

यहां जारी एक बयान में श्री सुरजेवाला ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति दिनोंदिन बिगड़ती जा रही है और पूरी तरह जंगलराज का माहौल है। उन्होंने कहा कि आम जनता विशेष रूप से महिलाओं व व्यापारियों में असुरक्षा का वातावरण है।

राष्ट्रीय अपराध अन्वेषण ब्यूरो के अधिकारिक आंकड़ों का हवाला देते हुए श्री सुरजेवाला ने कहा कि वर्ष 2015 में 1070 बलात्कार की घटनाएं हुईं, जिसमें से 204 वीभत्स सामूहिक बलात्कार थे। इसके अलावा प्रदेश में महिलाओं पर शीलभंग करने के इरादे से 1890 हमले व कुल 3151 यौन उत्पीड़न के मामले दर्ज हुए।

तेजी से बिगड़ रही कानून व्यवस्था व प्रदेश में पनप रहे गैंगवारों का हवाला देते हुए श्री सुरजेवाला ने कहा कि यह राजनैतिक नेतृत्व की नाकामी व सरकार के नाकारापन का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहली बार अपराधिक माफिया और गैंगवार सुर्खियों में आ रहे हैं, जिससे प्रदेश का छवि खराब हो रही है और दीर्घकालिक नुकसान हो रहा है।

मौजूदा हालात को देखते हुए श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला ने ट्वीट कर यह कहा, ''एक तरफ 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की बातें', दूसरी तरफ निरंतर होती गैंग रेप की दुर्घटनाएं।

बहुत हुआ नारी पर वार, जागो अब भाजपा सरकार।

हरियाणाकीनिर्भया!

ऐसी दिलदहलाने वाली दरिंदगी हरियाणा की नकारा भाजपा सरकार की कानून व्यवस्था की कोताही का परिणाम है।''